# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
## 2024–25
## भूगोल (सैद्धान्तिक)
## कक्षा–**XII**

समयः 3 घण्टे पूर्णांक– 70

**निर्देशः**

1– इस प्रश्न पत्र में कुल 21 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2–प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

3–प्रश्न संख्या 1 बहु विकल्पीय प्रश्न है, इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

4– प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

5–प्रश्न संख्या 6 से 10 तक का उत्तर लगभग 30 शब्दो में दीजिए।

6– प्रश्न संख्या 11 से 17 तक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

7–प्रश्न संख्या 18 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 20 केस स्टडी आधारित है।

8– प्रश्न संख्या 21 में मानचित्र में भौगोलिक स्वरूपों को पहचानने तथा दर्शाने से संबंधित है, दिए गये विश्व तथा भारत के रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

1. (क) पर्यावरणीय निश्चयवाद और संभाववाद के बीच मध्य मार्ग, को परिलक्षित करने वाली संकल्पना है ? 1

(i) आदर्शवाद (ii) नवनिश्चयवाद (iii) व्यक्तिवाद (iv) मानवतावाद

(ख) निम्न में "अवकाश का भूगोल सम्मलित है- 1

(i) सामाजिक भूगोल में (ii) नगरीय भूगोल में (iii) जनसंख्या भूगोल मे (iv) आवास भूगोल में

(ग) किसी प्रदेश का क्षेत्रफल 100 वर्ग किलोमीटर है और जनसंख्या 150000 है। उस प्रदेश का जनसंख्या घनत्व क्या होगा? 1

(i) 1500 व्यक्ति / वर्ग किलोमीटर (ii)15000 व्यक्ति/ वर्ग किलोमीटर

(iii) 1000 व्यक्ति / वर्ग किलोमीटर। (iv)10000 व्यक्ति/ वर्ग किलोमीटर

(घ) राइन नदी जल मार्ग स्थित है? 1

(i) यूरोप महाद्वीप में (ii) एशिया महाद्वीप में

(iii) अफ्रीका महाद्वीप में (iv) ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में

(ड•) निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व है? 1

(i) पश्चिम बंगाल (ii)बिहार (iii) तमिलनाडु (iv)असम

Downloaded from www.cclchapter.com

(च) कोलकाता किस नदी के तट पर स्थित है। 1

(i) महानदी (ii) वर्धा (iii) हुगली (iv) दामोदर

(छ) भारत में रेल प्रणाली को कितने मंडलों में विभाजित किया गया है। 1

(i) 9 (ii) 16 ( iii) 12 (iv) 14

(ज) इंदिरा गांधी नहर किस राज्य में स्थित है। 1

(i) राजस्थान (ii) उत्तर प्रदेश (iii) मध्य प्रदेश (iv) गुजरात

नोट- प्रश्न संख्या 1 के अगले दो खंडों में दो कथनों को अभिकथन(A) तथा कारण के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i),(ii),( iii ) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

(i) (A) और (R) दोनों सही है और (R) (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) (A) सही है और (R) गलत है।

(iv) (A) गलत है और (R) सही है।

(झ) **कथन-A**- आदिमकालीन मानव अपने जीवन निर्वाह के लिए अपने समीप के वातावरण पर निर्भर रहता था। 1

**कारण-R**- अदिमकालीन मानव को आधुनिक कृषि पद्धति का ज्ञान नही था। उसको जीवन निर्वाह हेतु पशु आखेट एवं समीप के जंगलों से खाने योग्य जंगली पौधे एवं कंदमूल पर निर्भर रहना पड़ता था।

(ञ) **कथन-A-** जल एक चक्रीय संसाधन है जो पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। 1

**कारण-R**- सूर्य जल को चक्रीय साधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

2. मानव भूगोल मानव समाज और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है कथन किसका है। 1
3. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत के तृतीय अवस्था के किसी एक देश का नाम लिखें । 1
4. वर्तमान समय में भारत में कितनी भाषाएं अनुसूचित हैं। 1
5. योजना आयोग का नाम परिवर्तित कर नीति आयोग कब किया गया? 1
6. स्मार्ट सिटी मिशन के मुख्य उद्देश्यों क्याहैं? 2
7. साझा संपत्ति संसाधन की आवश्यकता क्यों है। 2
8. भारत में सौर ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ती जा रही है क्यों ? 2
9. मानव विकास के चार स्तंभ कौन-कौन से हैं ? 2
10. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले दो कारक लिखें। 2
11. औपनिवेशीकरण के दौर से रोपण कृषि का दुनिया भर में विस्तार हुआ संक्षिप्त में वर्णन करें। 3
12. तृतीय सेवाओं का वर्णन करें। 3
13. जल परिवहन के क्या लाभ है। 3
14. भारत में जनसंख्या घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए। 3
15. भारत में लोह अयस्क के प्रमुख क्षेत्र का वर्णन करें 3
16. नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिये एवं दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिये। 3

Downloaded from www.cclchapter.com

भारत के आयात व्यापार की दिशा

| महाद्वीप -> | यूरोप | अफ्रीका | उत्तरीअमेरिका | लैटिनअमेरिका | एशियाएवमआसियान |
|---|---|---|---|---|---|
| आयात(करोड़रुपयेमें) | 4,03,972 | 19,332 | 1,95,332 | 1,15,762 | 15,44,520 |

(क) भारत का सर्वाधिक आयात किस महाद्वीप से है? कारण भी बताए।

(ख) भारत का सबसे कम आयात किस महाद्वीप से है? कारण भी बताए।

17. क्या वृद्धि एवं विकास एक दूसरे के पूरक है स्पष्ट कीजिए। 3

18. कच्चे माल पर आधारित उद्योग कौन-कौन से हैं वर्णन करें। 5

19. भारत में गंदी बस्तियों की समस्याओं का वर्णन करें। 5

20. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये एवम उस पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिये

विश्व व्यापार संगठन एकमात्र ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो राष्ट्रों के मध्य वैश्विक नियमों का व्यवहार करता है। यह विश्वव्यापी व्यापार तंत्र के लिए नियमों को नियत करता है और इसके सदस्य देशों के मध्य विवादों का निपटारा करता है। विश्व व्यापार संगठन दूरसंचार और बैंकिंग जैसी सेवाओं तथा अन्य विषयों जैसे बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार को भी अपने कार्यों में सम्मिलित करता है। उन लोगों के द्वारा विश्व व्यापार संगठन की आलोचना एवं विरोध किया गया है जो मुक्त व्यापार और अर्थव्यवस्था के भूमंडलीकरण के प्रभावों से परेशान हैं। इस पर तर्क किया गया है कि मुक्त व्यापार आम लोगों के जीवन को अधिक संपन्न नहीं बनाता। धनी देशों को और अधिक धनी बनाकर यह वास्तव में गरीब और अमीर के बीच की खाई को बढ़ा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि विश्व व्यापार संगठन में प्रभावशाली राष्ट्र केवल अपने वाणिज्यिक हितों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

(क) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब की गई? 1

(ख) भूमंडलीकरण में विश्व व्यापार संगठन की क्या भूमिका है? 2

(ग) वर्तमान में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था पर भूमंडलीकरण के कोई दो प्रभाव बताईये। 2

21. (क) निम्नलिखित को विश्व मानचित्र पर अंकित करें। 5×1=5

(i) अफ्रीका महाद्वीप में चलवासी पशु चारण क्षेत्र

(ii) पनामा नहर

(iii) कोपेनहेगन नगर

(iv) ट्रांस साइबेरियन रेल मार्ग का पूर्वी स्टेशन

(v) राइन जल मार्ग

(ख) निम्नलिखित को भारत के मानचित्र पर अंकित करें। 5×1=5

(i) जमशेदपुर

(ii) भारत का एक खनिज तेल उत्पादक राज्य

(iii) कांडला बंदरगाह

(iv ) उत्तराखंड का एक गैरिसन नगर

(v) भारत का एक चाय उत्पादक अग्रणी राज्य

Downloaded from www.cclchapter.com